खाटू ही है स्वर्ग मेरा

खाटू ही है स्वर्ग मेरा और खाटू ही कश्मीर है,
मैं जब से खाटू आया मेरी बदल गई तकदीर है......

हाल बुरे थे फिर एक दिन मैं इनकी शरण में आया,
काबिल नहीं था फिर भी सेठ ने भर भर प्यार लुटाया,
श्याम सहारा हारों का भक्तों की हरता पीड है,
मैं जब से खाटू आया मेरी बदल गई तकदीर है.......

ना भावे अब दौलत शोहरत ना ही कोई खजाना,
दिल ये चाहे लगा रहे बस खाटू आना जाना,
इस दिल में जो बस्ती है वो श्याम तेरी तस्वीर है,
मैं जब से खाटू आया मेरी बदल गई तकदीर है....

मान मिला सम्मान मिला दातारी की भक्ति से,
सब भक्तों का प्यार मिला एक नाम मिला भक्ति से,
दुनियादारी की फिक्र नहीं बस श्याम कृपा की नीड है,
मैं जब से खाटू आया मेरी बदल गई तकदीर है......

हारे का हैं श्याम सहारा बात तू जब ये मानेगा,
हारे हुए का साथ जो देगा श्याम ही तुझे सवारेगा,
बात समझ ले मूर्ख प्राणी बात बड़ी गंभीर है,
मैं जब से खाटू आया मेरी बदल गई तकदीर है......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30519/title/khatu-hee-hai-swarg-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |